2025/636

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
ओमाराम		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 415/2025

–::आदेश::– **दिनांक:–** 13/9/2025

प्रार्थी **ओमाराम पुत्र** श्री **मिश्रीलाल** जाति **सरगरा** निवासी **हरियाडा** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **हरियाडा** की जमाबंदी संवत् **2074 से 2077** के खाता सं. 300 के खसरा नंबर 586 में दर्ज अशुद्ध नाम **ओमप्रकाश पुत्र मिश्राराम** जाति **सरगरा** निवासी **हरियाडा** का शुद्ध विवरण **ओमाराम पुत्र मिश्राराम** जाति **सरगरा** निवासी **हरियाडा** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर.एक्ट का स्वीकार किया जाता है। अतः तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा